भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2944 का उत्तर

दीघा रेलवे स्टेशन से रेल संपर्क

2944. श्री सौमेंदु अधिकारी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पूरे देश में रेल संपर्क यात्री नेटवर्क का विस्तार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भविष्य में वर्ष 2030 तक पश्चिम बंगाल में दीघा रेलवे स्टेशन को जोड़ने संबंधी प्रस्तावों और स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) दीघा-भुवनेश्वर, दीघा-आसनसोल-बर्दवान के बीच नियमित यात्री रेल सेवाओं को जोड़ने और दीघा-पुरी के लिए सप्ताह में दो बार रेल सेवा देने संबंधी प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का उक्त प्रस्ताव की समीक्षा करने और कोंताई के लिए रोगियों और अन्य पर्यटकों/तीर्थयात्रियों के लाभार्थ एक परियोजना जांच रिपोर्ट तैयार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) भारतीय रेल अपने नेटवर्क पर अधिक रेलगाड़ियां चलाकर यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। तदनुसार, यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने 2025-26 (नवंबर 2025 तक) के दौरान 200 से अधिक रेल सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें 28 वंदे भारत सेवाएं, 26 अमृत भारत एक्सप्रेस और 2 नमो भारत रैपिड रेल शामिल हैं। भारतीय रेल ने इसी अवधि के दौरान लगभग 100 सेवाओं का विस्तार भी किया है।

इसके अलावा, यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के अपने निरंतर प्रयास में, भारतीय रेल त्योहारों, छुट्टियों आदि के दौरान विशेष रेलगाड़ियाँ चलाती है ताकि यात्रियों की अतिरिक्त ज़रूरतों को पूरा किया जा सके और नियमित सेवाओं द्वारा उपलब्ध सुविधाओं को पूरा किया जा सके। उपरोक्त के अलावा, विभिन्न यात्री वर्गों के लिए अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु, स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर रेलगाड़ियों की यात्री क्षमता भी बढ़ाई जाती है।

तदनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर, वर्ष 2025-26 (नवम्बर, 2025 तक) के दौरान, 60,000 विशेष रेलगाड़ियां परिचालित की गईं और स्थायी आधार पर रेल सेवाओं के संवर्द्धन के लिए 700 सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया है।

वर्तमान में, दीघा निम्नलिखित 24 रेल सेवाओं (इनकी सूची नीचे दी गई है) द्वारा सेवित है, जिनमें भुवनेश्वर को जोड़ने वाली दो जोड़ी रेलगाड़ियां 22873/22874 दीघा-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस और 22889/22890 दीघा-पुरी एक्सप्रेस और पुरी को जोड़ने वाली एक जोड़ी 22889/22890 दीघा-पुरी एक्सप्रेस शामिल हैं। दीघा, कोलकाता से 3 जोड़ी रेल सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है, जबकि कोलकाता बर्धमान, भुवनेश्वर और पुरी से क्रमशः 75 जोड़ी, 38 जोड़ी और 11 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है।

संख्या	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	22890 पुरी - दीघा एक्सप्रेस
2	22874 विशाखपट्टणम - दीघा एक्सप्रेस
3	12857 हावड़ा - दीघा ताम्रलिप्त एक्सप्रेस
4	12858 दीघा - हावड़ा ताम्रलिप्त एक्सप्रेस
5	15722 न्यू जलपाईगुड़ी - दीघा पहारिया एक्सप्रेस
6	13506 आसनसोल - दीघा एक्सप्रेस
7	13505 दीघा - आसनसोल एक्सप्रेस
8	15721 दीघा - न्यू जलपाईगुड़ी पहारिया एक्सप्रेस
9	22889 दीघा - पुरी एक्सप्रेस

10	22873 दीघा - विशाखपट्टणम एक्सप्रेस
11	22897 हावड़ा - दीघा कंदारी एक्सप्रेस
12	22898 दीघा - हावड़ा कंदारी एक्सप्रेस
13	13418 मालदा टाउन - दीघा एक्सप्रेस
14	13417 दीघा - मालदा टाउन एक्सप्रेस
15	68114 दीघा - पांशकुडा ईएमयू
16	68116 दीघा - पांशकुडा मेमू
17	08117 पांशकुडा - दीघा ईएमयू स्पेशल
18	08118 दीघा - पांशकुडा ईएमयू स्पेशल
19	68113 मेचेदा - दीघा ईएमयू
20	68118 दीघा - मेचेदा ईएमयू
21	68119 पांशकुडा - दीघा ईएमयू
22	68120 दीघा - पांशकुडा ईएमयू
23	68115 पांशकुडा - दीघा मेमू
24	68117 पांशकुडा - दीघा ईएमयू

ऊपर सूचीबद्ध 24 रेल सेवाएं कांथी (कोंताई) स्टेशन से भी होकर गुजरती हैं और दीघा, कोलकाता, विशाखापत्तनम, पुरी आदि को कनेक्टिविटी प्रदान करती हैं।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई रेल सेवाओं की शुरुआत, जो एक सतत प्रक्रिया है, विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेल पथ और अन्य परिसंपत्तियों की रखरखाव आवश्यकता

*****